INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

Class: VI(2nd lang.)	Department: Hindi	
पाठ – 9 'साथी हाथ बढ़ाना'(गीत)	Topic: प्रश्नोत्तर तथा व्याकरण भाग	Note: Pl. write in your note book

पाठ -8- **'साथी हाथ बढ़ाना'(गीत)**

प्रश्नोत्तर :-

प्रश्न -1- 'साथी हाथ बढ़ाना' गीत के गीतकार कौन हैं?

उत्तर - साथी हाथ बढ़ाना' गीत के गीतकार साहिर लुधियानवी हैं |

प्रश्न -2- इंसान चाहे तो क्या कर सकता है ?

उत्तर - इंसान चाहे तो चट्टानों में भी रास्ता निकाल सकता है |

प्रश्न -3- हमारी मंजिल क्या है?

उत्तर - हमारी मंजिल सच की मंजिल है |

प्रश्न - 4- किसके सहारे इंसान अपना भाग्य बना सकता है ?

उत्तर - मेहनत के सहारे इंसान अपना भाग्य बना सकता है |

प्रश्न -5- गीतकार कहाँ राहें पैदा करने की बात कह रहा है ?

उत्तर - गीतकार चट्टानों में राहें पैदा करने की बात कह रहा है |

प्रश्न -6- हमारा कठिन काम कब आसान हो जाता है?

उत्तर - अगर साथी की मदद मिल जाए तो हमारा कठिन काम भी आसान हो जाता है|

प्रश्न -7- फौलादी शब्द का क्या अर्थ है ?

उत्तर - फौलादी शब्द का अर्थ है -लोहे की तरह मज़बूत।

प्रश्न -8- पानी की एक-एक बूँद मिलकर क्या बन जाती है ?

उत्तर - पानी की एक-एक बूँद मिलकर नदी बन जाती है।

प्रश्न -9- 'सागर ने रस्ता छोड़ा, परबत ने सीस झुकाया'-- साहिर ने ऐसा क्यों कहा है ?

उत्तर - साहिर ने ऐसा इसलिए कहा है क्योंकि एकता में इतनी शक्ति होती है कि वह बड़ी से बड़ी रुकावटों को भी दूर कर सकती है|सागर और पर्वत तो एक उदाहरण हैं यदि मनुष्य मिलकर काम करे तो कठिन लक्ष्य भी आसान हो जाता है|

प्रश्न -10- गीत में सीने और बाँहों को फ़ौलादी क्यों कहा गया है ?

उत्तर - ईश्वर ने हमारी बाँहों और सीने को असीम ताकत दी है | यह ताकत हवाओं का रुख मोड़ सकती है और आसमान को भी झुका सकती है| यही कारण है कि गीत में सीने और बाँहों को फौलादी कहा गया है |

प्रश्न -11- यह कविता हमें क्या प्रेरणा देती है ?

उत्तर - यह कविता हमें मिलजुल कर काम करने की , एक दूसरे की मदद करने, देश के लिए सोचने और मेहनत करने की प्रेरणा देती है| यह कविता देशवासियों को एक सूत्र में बाँधने का काम करती है |

शब्दार्थ –

1-साथी – दोस्त,मित्र / Friend
2-हाथ बढ़ाना – सहायता करना / To Help
3-अकेला – जब कोई साथ न हो / Alone
4-थक – थकना / Tired
5-मिलकर बोझ उठाना – मिल-जुलकर काम करना/ Work together
6-मेहनत वालों – मेहनत करने वाले लोग
7-कदम बढ़ाना – आगे चलना (Walk forward)
8-सीस झुकाया – सिर झुकाना (Head Bow)
9-फ़ौलादी – मज़बूत (Strong)
10 -चट्टान– कड़े पत्थर (Rock)
11-पैदा कर दें राहें – रास्ता निकल देना (Drive out)
12-लेख की रेखा – भाग्य में लिखा होना (Written in luck)
13-गैरों – पराये लोग (Other People)
14-खातिर– के लिए (For)
15 - मंज़िल– लक्ष्य (Destination, Aim)
16- नेक– अच्छा (good)
17 -कतरा– बूँद (Drop)
18 - दरिया– नदी (River)
19 - ज़र्रा– कण (Particle)
20- सेहरा– रेगिस्तान (Desert)
21 -राई– (Mustard seed)

व्याकरण भाग –

प्रश्न 1 – निम्नलिखित शब्दों से दो- दो पर्यायवाची बनाइए –

1 – रात्रि	-	रात	,	निशा	,	रजनी
2 – जननी	-	माता	,	माँ	,	अंबा
3 – नरेश	-	राजा	,	भूप	,	नृप
4 – अग्नि	-	आग	,	अनल	,	पावक
5 – सूर्य	-	सूरज	,	रवि	,	भानु
6 – सिंह	-	केसरी	,	शेर	,	वनराज
7 – साथी	-	मित्र	,	सखा	,	दोस्त
8 – वृक्ष	-	पेड़	,	तरु	,	विटप
9 – हाथी	-	गज	,	नाग	,	हस्ती
10 – पुत्री	-	बेटी	,	सुता	,	आत्मजा

प्रश्न – 2 निम्नलिखित वाक्यों में से विशेषण शब्द छाँटकर लिखिए –

1 –	हम कभी-कभी घूमने जाते हैं।	कभी-कभी
2 –	सीमा ने पाँच खिलौने खरीदे हैं।	पाँच
3 –	मेरे चाचा जी मीठे गुलाब जामुन लाए थे।	मीठे
4 –	मौसी नया उपहार लाई।	नया
5 –	मेरे पास कुछ फ़ल हैं।	कुछ
6 –	दूध में थोड़ी शक्कर मिला दो।	थोड़ी
7 –	बाहर कोई खड़ा है।	कोई
8 –	मुझे छठी कक्षा में जाना है।	छठी
9 –	यहाँ लोग पीले वस्त्र पहनते हैं।	पीले
10–	दाल में नमक कम है।	कम

****